# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

## :: कार्यालय आदेश ::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक–शिविरा/मा/संस्था/सी–5/स्थानांतरण/भूगोल व अन्य विषय/2020–21 दिनांक–25.09.2021 के द्वारा श्री जुगल किशोर वर्मा व्याख्याता, भूगोल राउमावि पंडितपुरा, (213063) जयपुर का स्थानांतरण राउमावि हरसाना, (216549) अलवर किया गया।

उक्त स्थानांतरण आदेश के विरूद्ध जुगल किशोर वर्मा द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 5741/2021 जुगल किशोर वर्मा बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

माननीय राजस्थान अपील अधिकरण जयपुर ने अपने निर्णय दिनांक 15.11.2021 में अपीलार्थी के पदस्थापन के संम्बन्ध में अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित किया है एवं साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि अपीलार्थी को वहीं कार्यरत रखा जावें, जहां पर वह चुनौती आदेश पारित किये जाने से पूर्व कार्यरत था। और यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रत्यर्थी विभाग नियमानुसार अपीलार्थी का पदस्थापन जिले में अगर पदस्थापित करता है एवं अपीलार्थी का कोष कार्यालय परिवर्तन नहीं होता है तो यह स्थगन आदेश उसमें बाधक नहीं होगा।

अतः माननीय अधिकरण जयपुर के निर्णय की पालना में राउमावि. पंडितपुरा (213063) जयपुर में दोहरा पदस्थापन की स्थिति को समाप्त करने के उद्देश्य से जुगल किशोर वर्मा व्या. भूगोल का समायोजन राउमावि. सुंदरपुरा दाढा (213060) जयपुर किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

Rajasthan Education Department

(कोना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–5/जुगल किशोर वर्मा /5741/21/20–21 दिनांकः–21/12/2021

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

01. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग ..................।
02. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा........................।
03. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा ....................।
04. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर....................................।
05. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
06. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
07. संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक राउमावि/राबाउमावि ..........................................।
08. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर